सार-समाचार

कोटा सरस डेयरी का नवाचार 50 ग्राम मेंगो श्रीखण्ड लॉन्च

कोटा, (निसं)। भीषण गर्मी के बीच उपभोक्ताओं को राहत और स्वाद का नया विकल्प देते हुए कोटा सरस डेयरी ने 50 ग्राम पैक में मेंगो फ्लेवर श्रीखण्ड का शुभारंभ किया। इस नए उत्पाद का लोकार्पण कोटा संभागीय आयुक्त अनिल कुमार अग्रवाल ने किया। डेयरी अध्यक्ष चैनसिंह राठौड़ ने बताया कि कोचिंग विद्यार्थियों और आमजन के बीच किए गए सर्वे में मेंगो श्रीखण्ड की मांग प्रमुख रूप से सामने आई थी। इसी के आधार पर डेयरी ने यह किफायती और सुविधाजनक पैक तैयार किया है, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ ले सकें। उन्होंने कहा कि सरस डेयरी नवाचार और उपभोक्ता जरूरतों के अनुरूप उत्पाद देने के लिए जानी जाती है। संभागीय आयुक्त अनिल कुमार अग्रवाल ने लॉन्चिंग की सराहना करते हुए कहा कि गर्मी के मौसम में यह उत्पाद उपभोक्ताओं के लिए उपयोगी और आकर्षक विकल्प साबित होगा। उन्होंने इसकी शहरभर में सहज उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर डेयरी के प्रबंध संचालक दिलखुश मीणा, प्लांट अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। राठौड़ ने बताया कि लॉन्चिंग के साथ ही 700 से अधिक पैक्स की मांग प्राप्त हो चुकी है, जो उत्पाद की लोकप्रियता का संकेत है। मांग को देखते हुए शीघ्र ही मोबाइल वैन के माध्यम से शहर के विभिन्न क्षेत्रों में इसकी आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।

आज लगाई जायेगी भव्य प्रदर्शनी

कोटा, (निसं)। पश्चिम मध्य रेलवे के कोटा मंडल के स्थापना दिवस पर बुधवार को मेनाल ऑफिसर्स क्लब में एक भव्य एवं विविधतापूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस विशेष दिन प्रदर्शनी, अखिल भारतीय कवि सम्मेलन एवं रेल सेवा पुरस्कार समारोह तीनों का एक साथ आयोजन किया जायेगा। प्रदर्शनी में प्रवेश पूर्णत: नि:शुल्क है तथा सभी आमजन के लिये है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि मंडल रेल प्रबंधक अनिल कालरा के मार्गदर्शन में आयोजित यह कार्यक्रम केवल एक प्रदर्शनी नहीं, बल्कि रेलवे की आधुनिक तकनीक, कर्मचारियों की उत्कृष्ट सेवा और भारतीय संस्कृति के काव्य-सौंदर्य का जीवंत समागम होगा। प्रदर्शनी प्रात: 11 बजे से रात्रि 10 बजे तक खुली रहेगी। जिसमें इंजीनियरिंग, वाणिज्य, रेलवे सुरक्षा बल, कार्मिक, यांत्रिक, सिग्नल एवं दूरसंचार, सुरक्षा, परिचालन तथा विद्युत विभाग सहित अनेक विभाग अपनी-अपनी स्टॉल लगाएंगे। इन स्टॉलों पर कार्यशील मॉडल्स, डिजिटल स्क्रीन और इंटरैक्टिव प्रदर्शन के माध्यम से रेलवे की कार्यप्रणाली को सरल और रोचक तरीके से प्रस्तुत किया जाएगा।

टैगोर स्कूल के विद्यार्थियों ने बढ़ाया गौरव

छबड़ा। कक्षा-12 के नतीजों में संस्थान सीएमएस अकेडमी का परिणाम उत्कृष्ट रहा। छात्र योगेश प्रजापत नें सर्वाधिक कुल 97.60 व रसायन विज्ञान में 100 अंक प्राप्त कर इतिहास रचा। फिजिक्स में छात्रों नवीन भार्गव व देवेन्द्र गुर्जर नें पूरे 100 अंक प्राप्त कर संस्थान को गौरवान्वित किया। इसी क्रम में मुख्य विषय बायोलॉजी में तीन विद्यार्थियों योगेश प्रजापत, हर्ष जाटव, अंजना कुमारी नें थ्योरी में 100 प्रतिशत अंक प्राप्त किये।संस्था प्रधान व फिजिक्स व्याख्याता प्रांजुल सोनी के अनुसार फिजिक्स, केमिस्ट्री व बायोलॉजी में 21, 7 व 10 विद्यार्थियों नें 90 अंक से अधिक प्राप्त किये। आठ विद्यार्थियों नें विज्ञान विषय में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये। बायोलॉजी व्याख्याता सचिन मेहता व रसायन व्याख्याता प्रवीण प्रजापत उपस्थित थे।

पूनम जैन मीडिया सह प्रभारी नियुक्त

कोटा, (निसं)। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष राखी राठौर ने कोटा से प्रदेश महिला मोर्चा महामंत्री पद पर सुनीता व्यास को एवं पूनम जैन मारवाड़ा को प्रदेश महिला मोर्चा में मीडिया सह प्रभारी की नियुक्ति किया है। सुनीता व्यास पूर्व में कोटा की उप महापौर सहित कई अहम पदों पर जिम्मेदारी निभा चुकी है। इस अवसर पर कोटा में कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी और मिठाई वितरण कर खुशी का इजहार किया।

विश्व वानिकी सप्ताह का समापन

कोटा(निसं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड, स्थानीय संघ कोटा दक्षिण तथा शिक्षा विभाग कर्मचारीगण सहकारी सभा 696 आर कोटा-बारां के संयुक्त तत्वावधान में 21 मार्च से 31 मार्च तक मनाए जा रहे विश्व वानिकी सप्ताह का मंगलवार को समापन उत्साहपूर्वक किया गया। समापन समारोह में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गय। जिनमें विद्यार्थियों और स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हुई। जिसमें छोटे-छोटे बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित जनसमूह का दिल जीत लिया। विशेष आकर्षण बच्चों द्वारा किया गया रैंप वॉक रहा। जिसमें उन्होंने हाथों में पर्यावरण संरक्षण से संबंधित संदेश लिखी तख्तियां लेकर लोगों को प्रकृति बचाने का संदेश दिया। पेड़ लगाओ, जीवन बचाओ, जल है तो कल है जैसे नारों के माध्यम से बच्चों ने सभी को पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझने के लिए प्रेरित किया।

हर खेत तक सिंचाई का सतही जल पहुंचाना हमारी प्राथमिकता : ऊर्जा मंत्री

■ आदर्श विद्यालय का प्रतिभा सम्मान समारोह सम्पन्न

कोटा, (निसं)। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने मंगलवार को सर्किट हाउस में जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। बैठक में जिला कलेक्टर पीयूष समारिया, प्रधान जयवीर सिंह अमृतकुआं, उपप्रधान ओम नागर अडूसा सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान मंत्री नागर ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार का लक्ष्य जिले के प्रत्येक क्षेत्र को सतही जल से सिंचित करना है, ताकि कोई भी गांव सिंचाई सुविधाओं से वंचित न रहे। इस अवसर पर परवन, हरिपुरा बैराज, हरिश्चंद्र सागर बांध, आलनिया बांध सिंचाई परियोजनाओं की समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान मंत्री नागर ने परवन वृहद सिंचाई परियोजना के फेज-1 और फेज-2 की प्रगति पर विशेष जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि परियोजना के तहत् डाली गई पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गई है। पाइपलाइन की टेस्टिंग की जाए। उन्होंने लिफ्ट की टेस्टिंग को लेकर भी चर्चा करते हुए जेवीवीएनएल के डायरेक्टर टेक्निकल आरके शर्मा से फोन पर बात की।

मंत्री नागर ने कहा कि वर्तमान में खेत खाली हैं, अत: टेस्टिंग का कार्य तत्काल पूर्ण किया जा सकता है। जबकि अभी तक टेस्टिंग के लिए जरूरी 6 कनेक्शन जारी नहीं किए गए हैं। देरी होने पर उन्होंने जवाब तलब करते हुए कहा कि यदि अभी टेस्टिंग नहीं हुई तो अगले एक साल तक अवसर नहीं मिलेगा। मंत्री नागर ने कहा कि परियोजना की देरी का जवाब अधिकारियों को देना होगा। इसकी जिम्मेदारी तय की जाएगी। उन्होंने जेवीवीएनएल के अधिकारियों को परवन परियोजना के लिफ्ट कनेक्शन प्राथमिकता के आधार पर जारी करने के निर्देश दिए और स्पष्ट किया कि ये कनेक्शन संस्थागत आधार पर होने चाहिए, न कि कमर्शियल आधार पर। नहरों की सफाई और सुदृढ़ीकरण के लिए आवंटित 25 करोड़ रुपये की राशि के विषय में मंत्री ने कहा कि पांचों डिवीजनों में बराबर राशि बांटने के बजाय, एक्चुअल वर्क और आवश्यकता के आधार पर फंड आवंटित किया जाए। उन्होंने बंबोरी और खेड़ली महादीत जैसे क्षेत्रों में जलभराव और ड्रेनेज की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से करने को कहा ताकि फसलों को नुकसान न हो। आरसीपी के तहत हरिपुरा मांझी में बनने वाले बांध से कनवास और मंडाना क्षेत्र के छूटे हुए गांवों को जोड़ा जाएगा। साथ ही, आलनिया बांध के लिए बजट में स्वीकृत 100 करोड़ रुपये की राशि से ब्रजलिया क्षेत्र को सिंचित किया जाएगा। मंत्री ने कुंदनपुर और राजगढ़ मंडी क्षेत्र को भी सिंचाई नेटवर्क से जोड़ने की कार्ययोजना पर चर्चा की। यहां चंबल नहरों के लिए स्वीकृत 57 करोड़ रुपये की मदद से करीब 2500 हेक्टेयर अतिरिक्त भूमि को सिंचाई का लाभ मिलेगा। पेयजल और बिजली आपूर्ति पर बात करते हुए मंत्री नागर ने निजी आवास पर अधिकारियों को बुलाकर कहा कि गर्मी से पूर्व ही स्वीकृतियां जारी कर दी गई हैं। जिससे इस बार पानी की किल्लत नहीं होगी। आवश्यकता पड़ने पर टैंकरों के माध्यम से जलापूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। शहर में बिजली की ट्रिपिंग की समस्या पर उन्होंने फ्रेंचाइजी कंपनी केईडीएल के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने दो टूक शब्दों में निर्देश दिए कि शहर में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। अन्यथा लापरवाही बरतने वाली कंपनी के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

तनीषा ने रचा इतिहास

बूंदी। कड़ी मेहनत, लगन और पारिवारिक संस्कारों का बेहतरीन उदाहरण पेश करते हुए पीएम श्री राउमावि बरून्धन की छात्रा तनीषा राठौर ने कक्षा 12वीं में 97.80 प्रतिशत अंक हासिल कर न केवल अपने विद्यालय, बल्कि पूरे कस्बे, समाज और जिले का नाम रोशन किया है। साधारण परिवार से आने वाली तनीषा की इस असाधारण उपलब्धि ने यह साबित कर दिया कि सफलता संसाधनों की नहीं, बल्कि संकल्प और मेहनत की मोहताज होती है। उनके पिता परमानंद राठौर कस्बे में आइसक्रीम का व्यवसाय करते हैं, जबकि माता सीमा राठौर गृहिणी हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद परिवार ने हमेशा शिक्षा को प्राथमिकता दी और बच्चों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। तनीषा का परिवार पहले से ही शिक्षा के क्षेत्र में अपनी पहचान बना चुका है। उनके बड़े भाई आशीष राठौर का दो वर्ष पूर्व सरकारी शिक्षक के रूप में चयन हुआ था, वहीं बड़ी बहन आकांक्षा राठौर ने भी 12वीं में शानदार सफलता प्राप्त कर परिवार की परंपरा को आगे बढ़ाया।

'सतर्क रहें, सुरक्षित रहे साइबर अपराध से बचने का यही मूल मंत्र'

कोटा, (निसं)। भारत विकास परिषद, माधव शाखा कोटा एवं राजस्थान पेंशनर समाज, कोटा के संयुक्त तत्वावधान में राजस्थान पेंशनर भवन, चंबल गार्डन कोटा के सामने स्तिथ सभागार में साइबर फ्रॉड जागरुकता कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान पेंशनर समाज के अध्यक्ष रमेश चंद्र गुप्ता रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता भारत विकास परिषद के क्षेत्रीय संयोजक संस्कार किशन पाठक ने की एवं मुख्य वक्ता सियाराम मीना सब इंस्पेक्टर साइबर थाना रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती, स्वामी विवेकानंद एवं गुरुजी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। माधव शाखा अध्यक्ष चंद्र प्रकाश नागर ने कार्यशाला के उद्देश्य एवं वर्तमान समय में इसकी आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। शाखा अध्यक्ष चंद्र प्रकाश नागर, सचिव सतीश गुप्ता एवं कोषाध्यक्ष के के विजय ने मुख्य अतिथि रमेश चंद गुप्ता, अध्यक्ष पेंशनर समाज कोटा एवं किशन पाठक क्षेत्रीय संयोजक तथा सियाराम मीना सब इंस्पेक्टर, नितिन भंडारी सामाजिक कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों का उपरना पहनाकर तथा श्रीफल भेंट कर हार्दिक स्वागत किया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सियाराम मीणा (सब इंस्पेक्टर, साइबर थाना, कोटा) ने सरल एवं प्रभावी तरीके से साइबर अपराधों के विभिन्न प्रकारों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस प्रकार धोखाधड़ी करने वाले लोग आम नागरिकों को जाल में फंसाते हैं तथा उनसे बचने के लिए आवश्यक सावधानियां क्या हैं। साथ ही उपस्थित सदस्यों के मोबाइल में सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण सेटिंग्स को भी समझाया एवं अनावश्यक ऐप्स एवं लिंक से बचने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में इंटरनेट हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। हम ऑनलाइन बैंकिंग, शॉपिंग, सोशल मीडिया और शिक्षा जैसे कई कार्य इंटरनेट के माध्यम से करते हैं।

रामगंजमंडी में शोभायात्रा निकाली

रामगंजमंडी, (निसं)। भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव पर मंगलवार को श्रीआदिनाथ जैन श्वेताम्बर सकल श्रीसंघ रामगंजमंडी द्वारा विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रात: भक्ताम्बर पाठ एवं स्नात्र महोत्सव से हुई। जिसके पश्चात जैन स्थानक में बसंत मुनि के सानिध्य में प्रवचन आयोजित हुए। इसके बाद श्रीआदिनाथ जैन मंदिर से भव्य वरघोड़ा (शोभायात्रा) निकाला गया। जो बाजार नम्बर 3 से प्रारंभ होकर बाजार नम्बर 7, स्टेशन चौराहा, मालगोदाम तिराहा, सरकारी कुंआ, बाजार नम्बर 2 एवं 6 से होते हुए पुन: मंदिर पहुंचा। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में जैन समाज के लोग शामिल हुए। पुरुष सफेद वस्त्रों के साथ सिर पर केसरिया साफा बांधे हुए थे, वहीं महिलाओं ने केसरिया रंग की साड़ियां धारण कर धार्मिक आस्था का परिचय दिया। पूरे मार्ग में जैन धर्म के जयघोषों से वातावरण भक्तिमय बना रहा।कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि गौतम प्रसादी के दौरान मंदिर परिसर के बाहर स्थित दुकानदारों एवं आसपास के उन लोगों को भी आमंत्रित किया गया, जहां साधु-संत विराजमान रहते हैं।

प्रतिभावान विद्यार्थी विद्यालय, समाज और राष्ट्र का गौरव : डीएसपी

■ आदर्श विद्यालय का प्रतिभा सम्मान समारोह सम्पन्न

छबड़ा। आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रतिभा सम्मान समारोह एवं वार्षिक परीक्षा परिणाम वितरण कार्यक्रम बड़े उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ।

प्रधानाचार्य अमृतलाल मीणा ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि ताराचंद (डीवाईएसपी) एवं अध्यक्षता जगदीश प्रसाद नागर (ब्लॉक शिक्षा अधिकारी) ने की। प्रबंध समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार भार्गव एवं सचिव नरेंद्र सोनी द्वारा अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर समिति के सदस्य मनोज गोलेचा, संतोष गालव, मनोज गगरानी, धर्मप्रकाश जैन एवं कैलाश सोनी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि डीएसपी ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि विद्यार्थी जीवन में अनुशासन, परिश्रम एवं संस्कार सफलता की मूल कुंजी हैं। आज सम्मानित हो रहे विद्यार्थी न केवल विद्यालय, बल्कि समाज और राष्ट्र का भी गौरव हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर प्रयास करने, मोबाइल एवं अन्य विकर्षणों से दूर रहकर अध्ययन में एकाठाता बनाए रखने तथा अपने माता-पिता एवं गुरुओं के मार्गदर्शन का पालन करने का संदेश दिया।

उन्होंने विद्यालय के संस्कारयुक्त वातावरण की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ाते हैं और आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। परीक्षा प्रभारी ललित कुमार गालव ने बताया कि कक्षा 6वीं से 11वीं तक कुल 857 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी, जिनमें से लगभग 757 छात्र-छात्राएं प्रथम श्रेणी में एवं 100 छात्र-छात्राएं द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। प्रतिभावान विद्यार्थियों में शिवम लोधा को "सर्वश्रेष्ठ भैया" का पुरस्कार प्रदान किया गया, जबकि प्राथमिक विभाग में भानु प्रताप सिंह को यह सम्मान मिला।

नाम परिवर्तन

मैं, सुयग्य (पूर्व नाम), पुत्र श्री बजरंग लाल, निवासी अमलावदा हाली, पोस्ट मोखुमपुरा, तहसील छीपाबड़ौद, जिला बारां (राजस्थान) ने अपना नाम बदलकर सुयग्य नागर रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।

पश्चिम मध्य रेल
कोटा मण्डल
खुली निविदा सूचना सं. ईएल/टीआरडी/50/एनआईटी, दि. 28.03.2026

भारत के राष्ट्रपति के लिये अथवा उनकी ओर से **वरि.मं.वि.इंजी. (क.वि.), प.म.रे., कोटा,** निम्न कार्य के लिये खुली मोहरबंद ई-निविदा आमंत्रित करता है। **क्र.सं.: 1. निविदा संख्या:** ईएल/टीआरडी/50/32 (2025-26). **कार्य का नाम: ओएचइ वर्क फॉर प्रोविशन ऑफ AT सप्लाइ इन कनेक्शन विथ इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम विथ डिजिटल एक्सल काउंटर (MSDAC) एट वेरियस लोकेशन्स इन कोटा डिवीज़न। कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 3,31,14,088.62. **निविदा बंद होने की दिनांक एवं समय:** दिनांक 21.04.2026 को 15.30 बजे। **वेबसाइट का विवरण तथा नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से निविदा का सम्पूर्ण विवरण देखा जा सकें: http://www.ireps.gov.in.** पता - वरि.मं.वि.इंजी. (क.वि.) कोटा, प्रथम तल, मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय, प.म.रे., कोटा। ऑफर केवल ई-टेंडरिंग के माध्यम से **http://www.ireps.gov.in** पर स्वीकार किये जायेंगे। निविदादाता के पास क्लास III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट होना चाहिए एवं आईआरईपीएस पोर्टल पर रजिस्टर्ड होना चाहिए। कोई भी निविदा मैनुअली स्वीकार नहीं है। निविदा डालने से पहले टेण्डर दस्तावेजों की स्पेशल कंडीशन व शर्तें अवश्य पढ़ लें।

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

BANASTHALI VIDYAPITH

(Notified as Deemed to be University Under Section 3 of the UGC Act)

University for women: University with a difference

Banasthali Vidyapith, the world's largest fully residential university for women is NAAC 'A++', the second highest ranked women's university in the world having more than 18000 students on its 850-acre campus situated amidst rural setting in Rajasthan, having a distinct educational ideology and offering a variety of programmes from nursery up to doctoral level across a wide spectrum of disciplines to prepare enlightened citizens with strong value-base.

Programmes offered

ENGINEERING & TECHNOLOGY
B.Tech.* (Comp. Sc.& Engg./Comp. Sc.-Artificial Intelligence/Electronics & Comm./ Electronics & Instru./Electrical & Electronics/Mechatronics/ IT/Biotech./Chemical Engg./Electronics Engg.-VLSI Design and Technology)
M.Tech. Integrated* (Comp. Sc./Mechatronics)*
M.Tech. (Artificial Intelligence)
M.Tech. (Comp. Sc./IT)
M.Tech. (Robotics & Automation)
M.Tech. (VLSI Design) | **M.Tech.** (Remote Sensing)
M.Tech. (Biotechnology)
M.Tech. (Chemical Engineering)
Diploma (Electronics & Instru./ Electrical & Electronics/Mechatronics)*

MATHEMATICAL & PHYSICAL SCIENCES
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$ (Phy./Chem./Maths/Comp.Sc./Elect./Stats/Data Science)
BCA/BCA Hons./BCA Hons.(AI/Data Analytics)$/ **BCA Hons. with Research** (AI/Data Analytics)$
M.Sc. (Computer Science) | **M.Sc.** (Physics)
M.Sc. (Data Science) | **M.Sc.** (Electronics)
M.Sc. (Mathematics/Statistics/Operations Research)
MCA/PGDCA

ARCHITECTURE & PLANNING
B.Arch.+

LAW
B.A./BBA/B.Com. LL.B. (Integrated)
LL.M.* (Constitution Law/Criminal Laws & Forensics)

LIFE SCIENCES
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$ (Chemistry, Zoology, Botany & Microbiology)
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$ (Biotechnology) | **B.Pharm.***
M.Pharm. (Pharmaceutical Chemistry, Pharmaceutics, Pharmacology)
M.Sc. (Chemistry) | **M.Sc.** (Microbiology)
M.Sc. (Botany) | **M.Sc.** (Zoology)
M.Sc. (Biotechnology) | **M.Sc.** (Bioinformatics)
M.Sc. (Applied Microbiology & Biotechnology)

EARTH SCIENCES
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$ (Geology/Geography)
M.Sc. (Geography) | **M.Sc.** (Geology)
M.Sc. (Environmental Science)

MANAGEMENT STUDIES
B.Com./B.Com. Hons./B.Com. Hons. with Research$
BBA/BBA Hons./BBA Hons. with Research$
MBA (Integrated) | **BSW** | **M.Com.**
MBA* (Business Analytics/Entrepreneurship/HR/ Finance/Marketing/Aviation/Public Policy/Banking and Finance Management)

FINE ARTS
M.A. Music (Vocal/Instru.), Dance (Kathak/Bharatnatyam), Dramatic Art (Theatre), Drawing and Painting, **MPA#, BPA#**
B.V.A. Painting#

AVIATION
B.Sc./B.Sc. Hons. (Aviation Science)

DESIGN
B.Des. (Fashion & Lifestyle Design/Communication Design/Industrial Design)
M.A. (Textile Designing) | **M.Des.**

JOURNALISM & MASS COMMUNICATION
B.A./B.A. Hons./B.A. Hons. with Research$ (Journalism and Mass Communication)
M.A. (Journalism and Mass Communication)

HUMANITIES & SOCIAL SCIENCES
B.A./B.A. Hons./B.A. Hons. with Research$ (Hindi, Sanskrit, English, German, French, Sociology, History, Maths, Statistics, Applied Statistics, Political Sc., Public Adm., Economics, Management, Music, Dance, Drama & Theatre Art, Drawing & Painting, Home Science, Textile Designing, Computer Application, Geography, Psychology)
M.A. (Economics, History, Sociology, Political Sc., Psychology, Geography, Mathematics, Statistics, Operations Research, Hindi, English & Sanskrit)
Master of Social Work

EDUCATION
ITEP B.A.B.Ed.*/B.Sc.B.Ed.* (Secondary/Middle), **B.Ed., M.Ed.**

HOME SCIENCE
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$ (Home Science)
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$ (Home Science) Food Science & Nutrition
M.Sc. (Home Science) (Human Development/Food Science & Nutrition/Clothing & Textile)

NURSING
B.Sc. Nursing*

*Admission to this course shall be based on all India merit-cum-aptitude test/NCET.
One year PG Programmes available for 4 years Hons./Hons. with Research Graduates.
Foreign/NRI Admissions : A limited number of seats are available for direct admission of Foreign/NRI students in select courses.
Ph.D. : Visit the University website for further details of Ph.D. in all Subjects mentioned above.

$Lateral entry also available
For queries related to lateral entry call: +91-8946925269
Toll Free 1800-270-5855

Admission 2026-27
Scan to explore for detailed information

+JEE-2 & NATA qualified
#Subject to Approved
LAST DATE FOR APPLICATION
30 April, 2026

SCHOOL EDUCATION DIVISION
New admissions shall be made only to classes VI*, IX* & XI Arts/Science(Maths/Bio)/Commerce.
For admission enquiry: +91-9116624101, +91-9352878388
Email: school_admissions@banasthali.in

Enquiries can be made at
- **For general enquiry:** +91-9352879844, +91-9352879855, +91-9352879866
- **For UG/PG Admissions:**
+91-9116624102 (Engineering & Technology)
+91-9116624103 (Mathematical & Physical Sciences)
+91-9116624104 (Life Science, Aviation, Earth Sc.)
+91-9116624105 (Law & Management Studies)
+91-9352879847 (Humanities, Social Sc., Home Sc.)
+91-9352803156 (Design, Architecture, Fine Arts, Education & Nursing)
Email: ug_admissions@banasthali.in; pg_admissions@banasthali.in

How to Apply
For each programme a separate application is required through either:
Option 1 : Online submission of application at the University's website: **http://www.banasthali.org** or
Option 2 : Send a DD for Pre-application fee of Rs. 1000/- in favour of **"Banasthali Vidyapith"** Payable at Banasthali/Jaipur to: **Secretary-Banasthali Vidyapith, P.O. Banasthali Vidyapith-304022 (Raj.)**
Scan to explore

Scholarships
The Vidyapith provides financial support to the needy students in the form of merit-cum-need scholarships. It also encourages meritorious students by awarding them merit scholarships.

BANASTHALI VIDYAPITH
P.O. Banasthali Vidyapith (Raj.) 304022 • Phone : +91-1438228384, +91-1438228990
Mob.: +91-9352879844, +91-9352879855, +91-9352879866 • Email : admissions@banasthali.in
Visit us at **http://www.banasthali.org**
Connect with us on www.facebook.com/banasthali.org
Connect with us on www.instagram.com/banasthali_vidyapith_official

NAAC 'A++' 3.63
THE WORLD UNIVERSITY RANKINGS 2025
nirf All India Rank
QS UNIVERSITY RANKINGS ASIA